दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 82 मुरादाबाद, 11 July 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## बारिश से मची तबाही: PM मोदी ने मंत्रियों से ली जानकारी; राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की मदद की अपील

अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को भारी बारिश के कारण बिगड़े हालात के बारे में जानकारी दी है। उन्हें बताया गया है कि स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। पूरे देश में मॉनसून सक्रिय हो गया है। इस दौरान भारी बारिश के कारण जहां देश के पहाड़ी इलाकों में लैंडस्लाइड तो वहीं मैदानी इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के कुछ हिस्सों में अत्यधिक बारिश से बिगड़े हालात की जानकारी ली है। उन्होंने इस बारे में वरिष्ठ मंत्रियों, अधिकारियों से बात की है। पीएमओ ने इस बारे में जानकारी दी है। पीएमओ ने यह भी बताया कि अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को भारी बारिश के कारण बिगड़े हालात के बारे में जानकारी दी है। उन्हें बताया गया है कि स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। गृह मंत्री हालात पर रख रहे नजर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपालों के संपर्क में हैं। उन्होंने स्थितियों का आकलन करने के लिए पंजाब और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से भी संपर्क किया है।

### राहुल गांधी ने जताया दुख



इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में भारी बारिश, भूस्खलन के कारण जानमाल के नुकसान पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे लोगों की मौत से दुखी हैं। उन्होंने जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से प्रभावित इलाकों में राहत कार्य और लोगों की मदद करने की अपील की है। पूर्व पार्टी प्रमुख ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे राहत कार्यों में अधिकारियों की मदद करें। हम सभी को मिलकर इस प्राकृतिक आपदा की कठिन चुनौतियों का सामना करना होगा। भीषण बारिश और भूस्खलन के कारण हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। सभी शोकसंतप्त परिजनों को मैं गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की आशा करता हूं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में बिगड़े हैं हालात- गौरतलब है कि भारी बारिश ने उत्तर और पश्चिम भारत में तबाही मचा दी है। हिमाचल प्रदेश समेत पहाड़ी राज्यों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। बीते 24 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश के चलते भूस्खलन, बादल फटने, घर ध्वस्त होने, पेड़ और बिजली गिरने से 34 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा 11 मौतें हिमाचल में हुईं। इसके अलावा, यूपी में 8, उत्तराखंड में 6, दिल्ली में 3, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा व पंजाब में दो-दो की जान गई। हिमाचल के मंडी में ब्यास नदी के उफान में 40 साल पुराना पुल बह गया है। दिल्ली में 41 साल बाद जुलाई में एक दिन में 153 मिलीमीटर बारिश हुई है। बारिश के चलते उत्तर रेलवे ने 17 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। 12 ट्रेनों के मार्ग बदलने पड़े हैं।

## दिल्ली पर बाढ़ का खतरा मंडराया, चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही यमुना, कई झुग्गियों में घुसा पानी







उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में बारिश कहर बनकर बरस रही है। राजधानी दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब में आज भी भारी बारिश का अलर्ट है। हिमाचल के मंडी में तेज वर्षा जारी है तो वहीं, हरियाणा द्वारा यमुना में एक लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से दिल्ली में बाढ़ का खतरा है। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में मानसून की बारिश कहर बरपा रही है। कई राज्यों में बारिश से घरों को नुकसान पहुंचा है,

जिससे अब तक 22 लोगों की मौत हो गई है। उत्तर भारत में कहीं पुल ढह गया है तो कहीं मकान और सड़कें धंस रही हैं। राजधानी दिल्ली भी इससे अछूती नहीं है, यहां के पॉश इलाकों तक में बीते दिन हुई भारी बारिश से अब तक पानी सड़कों पर जमा है। दिल्ली, हिमाचल और पंजाब में आज भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल के मंडी में आज भी तेज वर्षा जारी है तो वहीं, हरियाणा द्वारा यमुना में एक लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर तेजी से खतरे के निशान तक पहुंच रहा है।दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर के पार पहुंचने के चलते यमुना बाजार की झुग्गियों में पानी घुस गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और अन्य सहित कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति और राष्ट्रीय राजमार्गों पर इसके प्रभाव की समीक्षा की। सड़क परिवहन और राजमार्ग सचिव, एनएचएआई के अध्यक्ष, डीजी रोड और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी वाली इस विशेष बैठक में उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित राजमार्गों की मरम्मत और रखरखाव को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।दिल्ली में यमुना नदी चेतावनी स्तर को पार कर गयी है। दोपहर दो बजे पुराने रेलवे ब्रिज पर नदी का जलस्तर 204.88 मीटर रिकार्ड किया गया। नदी का खतरे का स्तर 205.33 मीटर है। दोपहर 2 बजे हथिनीकुंड बैराज से 2,13,679 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।दिल्ली सरकार में लोक निर्माण विभाग (क्क्ष्ठ) मंत्री आतिशी ने बताया कि बाढ़ को लेकर दिल्ली सरकार की पूरी तैयारी है। पानी का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दो दिनों में ही पानी 8-10 फूट बढ़ चुका है। अगले 24 घंटे में 10-12 फूट पानी बढ़ने की उम्मीद है। हमारा अनुमान है कि हमें करीब 30 हजार लोगों को निकालने की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए हमारी पूरी तैयारी हो गई है।दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पार पहुंच गया है। यमुना में खतरे का निशान 204.50 मीटर है और दोपहर 1 बजे तक यमुना का जलस्तर 204.63 मीटर दर्ज किया गया। दोपहर एक बजे 1,90,837 क्यूसेक पानी हथिनीकुंड बैराज से यमुना में छोड़ा गया है।

## मुख्यमंत्री योगी ने की बाढ़ व जलभराव की समीक्षा, राहत आयुक्त कार्यालय को किया अलर्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अतिवृष्टि के बाद अधिकारियों को अलर्ट किया है। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ के साथ-साथ जलभराव के निदान के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तेज बारिश के बाद जनहित के दृष्टिगत किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अतिवृष्टि के बाद अगले कुछ दिनों में प्रदेश की विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका है। सिंचाई एवं जल संसाधन के साथ-साथ राहत एवं बचाव से जुड़े सभी विभाग अलर्ट मोड में रहें।इस वर्ष अब तक



24 जनपदों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है, जबकि 31 जिलों में औसत से कम वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जुलाई माह में इन जिलों में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना है। मौसम की बदलती परिस्थितियों पर सतत नजर रखी जाए।उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों में आकाशीय बिजली से कई स्थानों पर जन-धन की हानि की दुःखद सूचना मिली है। ऐसे पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। इस वर्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। आकाशीय बिजली के सटीक पूर्वानुमान (अर्ली वार्निंग सिस्टम) की बेहतर प्रणाली का विकास जरूरी है। जनहानि/पशुहानि को न्यूनतम रखने के लिए यह जरूरी है। हर गांव में रेन गेज़ लगाए जाने की कार्रवाई में भारत सरकार भी सहयोग कर रही है, इस कार्य को तेजी के साथ पूरा किया जाए। राजस्व एवं राहत, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण, भारतीय मौसम विभाग, केन्द्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से संवाद-संपर्क बनाएं और ऐसी प्रणाली का विकास करें, जिससे आमजन को समय से मौसम की सटीक जानकारी मिल सके। बाढ़ और अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत नजर रखी जाए। कई स्थानों पर गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी गई है। इसी तरह, सभी नदियों के जलस्तर की सतत मॉनीटरिंग की जाए। प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी की फलड यूनिट तथा आपदा प्रबंधन टीमों को 24म7 एक्टिव मोड में रहें। आपदा प्रबंधन मित्र, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की आवश्यकतानुसार सहायता ली जानी चाहिए। बाढ़ के साथ-साथ जलभराव के निदान के लिए भी ठोस प्रयास जरूरी- मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमें बाढ़ के साथ-साथ जलभराव के निदान के लिए भी ठोस प्रयास करना होगा। जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम जलभराव से बचाव के लिए स्थानीय जरूरतों के अनुसार व्यवस्था करे जिलाधिकारी, क्षेत्रीय सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, नगरीय निकाय के चेयरमैन व अध्यक्ष के साथ संवाद कर जलभराव के समाधान के आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि इस वर्ष सभी जिलों में धान की रोपाई सामान्य रूप से चल रही है। अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार 58.5 लाख हेक्टेयर के सापेक्ष तक 18 लाख हेक्टेयर में रोपाई हो चुकी है। धान की रोपाई की प्रगति के अनुश्रवण के लिए डिजिटल प्लेटफार्म विकसित किया जाए, ताकि जिलावार रोपाई की सटीक स्थिति समय पर पता चल सके। समस्त अतिसंवेदनशील तटबंधों पर प्रभारी अधिकारी, सहायक अभियन्ता स्तर के नामित किए जा चुके हैं, यह 24म7 अलर्ट मोड में रहें। तटबन्धों पर क्षेत्रीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लगातार निरीक्षण एवं सतत निगरानी की जाती रहे। बारिश के शुरुआती दिनों में रैटहोल व रेनकट की स्थिति पर नजर रखें।

तटबंधों की पेट्रोलिंग लगातार की जाए। नौकाएं, राहत सामग्री, पेट्रोमैक्स आदि के प्रबंध समय से कर लें। बाढ़ व अतिवृष्टि से पर प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी यूरिया की किल्लत व कृत्रिम अभाव कतई न हो। किसानों को समय पर पर्याप्त यूरिया उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान जिन गांवों में जलभराव की स्थिति बनेगी, वहां आवश्यकतानुसार पशुओं को अन्यत्र सुरक्षित स्थल पर शिफ्ट कराया जाए। इसके लिए जनपदों की स्थिति को देखते हुए स्थान का चयन कर लिया जाए। इन स्थलों पर पशु चारे की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

संपादकीय Editorial

# Sky havoc

The news is creating havoc of the weather, creating a picture of disaster-hit Himachal close to us. Houses, roads and the development of the state are trembling, this attitude of the executioner weather on the mountains is defaming. We do not want any tourists to come here in this season. Don't even want any disturbance on our destinations, but then in many tests together, the rain chose us and the clouds created havoc to scare us. Traveling in Himachal is not only difficult, but on every path of life, a terrifying landscape of sky emerges every time. Himachal's pain is increasing since last one week. This pain is only of Himachal which we have been facing alone for years. There may have been some mistakes, but not so wrong that the hill state should be left alone in the indifference of the weather forever. However, the loss of about five hundred crores in the last fifteen days has told the progress, trend and relevance of this state. What is the fault of that family of Kotgarh's Madhavani village, whose very existence was snatched away or what is the fault of faith in the Shrikhand Yatra where a traveler lost his modesty. In the gruesome picture of the weather of Shimla, the death of the husband, wife and son buried in the collapsing house of Madhavani is haunting, then the havoc of the rain cannot be measured considering the way the danger is increasing under the crumbling mountains. Whom to blame, where to find habitual holes in human progress or mountain development.

The scene of drowning in Una is no less than the market of Pandoh, nor is the distance reducing in the Chamba roads. Looking at the kind of potholes or rivers that are in spate, only disaster management bells can be rung or now a lot has to be learned from the history of flood-like situation. Somewhere in the priorities of the state, we are not ignoring the dreaded aspects of the weather. Are they developing against the laws of nature? We are not caught in this trouble just like that, this dispute should be considered with the mountain cover on the face of national standards. In fact, wherever the natural role of drainage has been tampered with or the instructions for development have been ignored, the daggers of the weather have emerged there.

In such a situation, the mountain will not be protected in the national consciousness only by considering it as a draft of the environment, but suitable grants are needed in the development options. Drainage of water coming out of Himachal or Himachal needs high quality management and innovation in development norms so that human settlements do justice to the nation. A national project of channelization will have to be prepared to preserve all the rivers, streams, ravines and wells in their natural form, while a national concept should be decided in support of the needs of mountain development. The mountain standards of urban and rural development are neither able to get full financial support from the policies of the central government, nor is such a model being decided where the balance of development and people's life can be safely maintained amidst the indifference of the weather. However, the common citizen also needs to understand the parable that arises with the weather. The increasing encroachment on the traditional methods of drainage and the way we are progressing the construction activities on the mountains, we often have to repent in times of disaster.

# Investigation: France's riots give a lesson, the rebellion of youth incites for the destruction of their own neighborhood

Urban insurgencies in France over the past forty years have been dominated by youth anger, targeting symbols of the state and the state – such as town halls, social centres, schools and shops. It is such anger that in front of everyone incites people to destroy their own neighborhood. The recent riots in France are not surprising. These riots followed a pattern similar to that which had erupted in 1981 in the eastern suburbs of Lyon. The riots that followed are today also known as the 'Summer of Minguet', in which a young man is killed or injured by the police and violence erupts in the area and surrounding suburbs. In such a situation, any person, even your neighbor, becomes uncontrollable, as happened in the 2005 riots and is happening even today. Urban insurgencies in France over the past forty years have been dominated by youth anger, targeting symbols of the state and the state, such as town halls, social centres, schools and shops. It is such anger that in front of everyone incites people to destroy their own neighborhood. All citizens condemn such acts, but can also understand why this is happening. Elected representatives, unions, churches and mosques, social workers and teachers admit their helplessness and this creates an institutional and political vacuum. Of all such rebellions, the one that erupted in the 'Summer of Minguet' of 1981 was the only one that showed the way to a social movement. The march against equality and racism in December 1983 was a result of this. More than one lakh people participated in it and the media gave it a prominent place. It was the first exhibition of its kind in France. After this, till now no such movement has been seen emerging. In every riot, politicians are ready to play the same old stereotyped roles. The right wing condemns violence, stigmatizing neighborhoods and police victims, the left wing condemns injustice and promises social policies. In 2005, the then Minister of the Interior, Nicolas Sarkozy, stood by the side of the police. Emmanuel Macron, the current French president, has expressed sympathy for the boy killed by police in Nanterre, but politicians and the president are hardly heard in the neighboring areas concerned. We remain silent until the society at large begins to rediscover the problems of Bonniely (a suburb of France) and the police here. There are some simple lessons to be learned from the recurring riots and their scenarios in urban areas of France. The first is that the country's urban policies miss their goals. In the last forty years a lot of efforts have been made for housing and facilities. Apartments are of better quality, social centre, schools and colleges are there, public transport is there. On the other hand, the social and cultural diversity of disadvantaged suburbs has declined. Most people are poor or economically insecure and are either the descendants of immigrants or are immigrants themselves. Firstly, those who can leave early Bonlieu are given opportunities and resources and this is only done when poor people from faraway places are resettled there. Due to the environment created in this way, where the conditions are improving, the social conditions are also getting better. While people may not be willing to talk about underprivileged neighborhoods, there is a social process at work that can actually be seen in a ghetto, where there is a growing gap between neighboring neighborhoods and their environment. Clear, but this colony is strong and self-controlled from within. Despite the cash and the goodwill of the local representatives, people feel excluded from the society just because they have different origins, culture or religion. Even after the work of social policies and representatives, the settlements do not have their own institutional or political resources. While often communist-led suburbs have benefited greatly from strong support from left-leaning political parties, trade unions and popular education movements, today's suburbs rarely have leaders of their own to speak up. Social activists and teachers There is no dearth of goodwill, but most people do not live where these people work. This distance works both ways and riots in the past have shown that elected representatives and associations have no grip on settlements where people feel destitute. Appeals for peace are being ignored. This rift is not only social but also political. We are increasingly seeing youth fighting with the police. Both the groups are acting like 'gangs' with their own hatreds and territories. In such a state legal violence and the youth are confined within the ambit of their actual or potential crime. The police are being treated as mechanically racist on the basis that any youth is prima facie a suspect. Young people hate the police, this leads to police racism and youth violence. Such a war is usually played at a very low level. When a young man is killed, everything explodes everywhere. But this time there is something new in such a sad repetition. The first is the rise of the right wing, which is closely related to the political scene. It is not only on one side. Racist causes of insurgency are increasingly emerging, talking of vandalism and immigration, and there are fears that this could lead to electoral success. Second, the political left has been paralyzed politically and intellectually. It does not seem to suggest any political solution other than police reform. As long as the outlying settlements continue to be neglected, as long as the youth of France and the security forces continue to clash, it will be difficult to see that there will not be another police lapse and the riots that follow. Sociologist, Emeritus Professor, University of Bordeaux.

# Law: How secure is your data, new legislation can prove to be important

The proposed Digital Personal Data Protection Bill is a significant step in the way private companies are turning personal data into an asset. The Union Cabinet, which met on Wednesday under the chairmanship of the Prime Minister, approved the Digital Personal Data Protection Bill, which the government is likely to legislate in the monsoon session of Parliament beginning July 20. This will be an important step in view of the long-standing demand for a law to protect personal data and privacy in the country. India is lagging far behind Europe and America on the issue of data security. Legislation on data protection and privacy has been in force in Europe since 2018, but with the internet changing the world fast, what's new is getting old very quickly. The increasing use of artificial intelligence (AI) technology based language model requires the inclusion of many other new issues in the personal data and privacy protection law coming in India, as the main role in this language model is the data available on the Internet. . Open AI and Google's ChatGPT have made the numbers game interesting. Keep in mind that India is the second largest internet market in the world. In the meantime, Google has made changes to its privacy policy, making it clear that Google is able to read any content you post on any Google product, and that all content is now the company's property. , and she's also sending all that stuff to a chatbot. This policy further states that Google may use publicly available information to train AI models and improve products and features equipped with Google Translate, Byrd and Cloud AI capabilities. Google keeps changing its privacy policy from time to time. The phrase clarifies that the internet giant's AI system may use the thoughts you post online, in modification of its previous policy. This new phrasing tells us that in the previous policy where the use of content posted online was only for Google Translate, Bard and Cloud AI, it is now mentioned that the data will be used for language models instead of AI models. Will be done. This provision in the privacy policy is a bit strange. These policies usually describe how a company can use the data you post online. But in this case Google seems to have a monopoly on collecting publicly available data and using it in the field of artificial intelligence testing. Although the policy clarifies many matters, it also raises some interesting questions. When we are active in posting or writing something on the Internet, we assume that what is posted publicly is also publicly available. But now we also have to understand that the question is not just about a public post, but what does it mean to write anything online. Now it's even possible that a long-forgotten post you wrote at the age of ten, or maybe even a restaurant review you wrote, has been used to develop large AI model language models like Bard and Chat GPT. are doing Now the question is bound to arise here that from where these models get their information. The answer is that Google's Bard or OpenAI's ChatGPT use the vast amount of material posted online on the Internet to train their language models. But it is still unclear whether such a process is legal or not, and who will own the copyright on this material. There is also another important question here that all the answers of artificial intelligence (AI) technology based language model are derived from plagiarism in one way or the other. With many such questions yet to be answered, it is to be hoped that personal data and privacy legislation will address these issues as well.



# डीएम कार्यालय पर दिव्यांग ने खुद पर पेट्रोल डालकर की आत्मदाह की कोशिश, मचा हड़कंप



मुरादाबाद- आत्मदाह के प्रयास की जानकारी पर डीएम कार्यालय पर ड्यूटी दे रहे पुलिस कर्मियों के फूले हाथ पांव, उन्होंने के उसके कपड़े बदलवाकर सुनी फरियाद मैनाठेर थाने के रहने वाले दिव्यांग तजम्मुल ने सोमवार को अपने गांव के ग्राम प्रधान पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर और उसकी शिकायत पुलिस द्वारा न सुने जाने पर जिलाधिकारी कार्यालय में उनके चैंबर के सामने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश करने पहुंच गया। वहां पहुंचकर वह सिस्टम पर अपना गुस्सा निकालने लगा।

उसका शोर सुनकर और शरीर पर पेट्रोल डला देखकर डीएम की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों के हाथ पांव फूल गए। उन्होंने उसे पकड़ा और समझाने का प्रयास किया। इस बीच कलेक्ट्रेट के कर्मचारी भी जुट गए।पीड़ित का आरोप था कि ग्राम प्रधान उससे चुनाव में वोट न देने को लेकर रंजिश रखता था और फर्नीचर का काम खोखा लगाकर करता था जिसे प्रधान ने उजाड़ दिया। इसकी शिकायत थाने पर भी नहीं सुनी गई।

जिससे मजबूर होकर उसे यह कदम उठाना पड़ा। एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने उससे बातचीत कर पूरी मदद का आश्वासन दिया। उनका कहना है कि बिलारी एसडीएम से संबंधित मामला था। दिव्यांग को समझाकर वहां के एसडीएम के पास भेजा गया। उसकी समस्या का प्राथमिकता पर समाधान कराया जाएगा।

# सावन के पहले सोमवार को शिवभक्तों ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक



मुरादाबाद- दिल्ली रोड पर दिखे बड़ी संख्या में कांवड़िए, चौरासी घंटा मंदिर, ढाप वाले मंदिर, मनोकामना मंदिर, आशियाना के शिवशक्ति मंदिर, हरथला शिवमंदिर में भक्तों की पूजा अर्चना सावन के पहले सोमवार को हर ओर हर हर महादेव का जयघोष गूंजा।

एक तरफ हरिद्वार और बृजघाट से बोल बम, जय जय शिवशंकर का जयघोष करते कांवड़िया कांवड़ में गंगाजल लेकर अपने गंतव्य को बढ़ रहे थे। तो दूसरी ओर महानगर के चौरासी घंटा मंदिर, ढाप वाला मंदिर, शिवशक्ति मंदिर, हरथला शिवमंदिर सहित अन्य धार्मिक मंदिरों में पहुंचकर शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। फूल, बेलपत्र, फल आदि चढ़ाकर अपने आराध्य देव से मनोकामना पूरी करने की मनुहार कर सुख समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की।


सीवरेज लाइन की खुदाई के चलते आशियाना-रामगंगा विहार में शिवमंदिरों के आगे गड्ढा खोदकर छोड़े जाने से भक्तों को परेशानी हुई। दो दिन से हुई बारिश से इन जगहों पर कीचड़ पसरा रहा और गड्ढों में पानी भरने से उसमें गिरने का डर बना रहा। हरिद्वार-कांठ-मुरादाबाद रोड की अपेक्षा दिल्ली रोड पर कांवड़ियों की संख्या अधिक रही। सावन के सोमवार और कांवड़ यात्रा को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

# संबंधित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण सुनिश्चित करें

मुरादाबाद - कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति के संबंध में बैठक आहूत की गयी, जिसमें विशेष वृक्षारोपण अभियान के संबंध में चर्चा की गयी। बैठक में संबंधित विभागों के वृक्षारोपण के संबंध में विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण में वृद्धि करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग वृक्षारोपण के लक्ष्य को गंभीरतापूर्वक पूर्ण कराए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के उपरान्त पौधों का निरन्तर ध्यान रखें तथा वृक्षारोपण हेतु भूमि के चिन्हींकरण पर भी ध्यान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरुप ही वृक्षारोपण हेतु गड्ढे समय से खोद लिये जाये और अभी से पौधे लगाना शुरु कर दें। उन्होंने कहा कि विभागों को दिये गये लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा पौधों का उठान नही किया गया है वह तत्काल पौधों का वृक्षारोपण हेतु उठान कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निगम व विभिन्न नगर पालिकाएं साथ मिलकर कार्य करें तथा अपने कर्तव्यों का अच्छे से निवर्हन करें। जिलाधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने अवगत कराया कि वायोमेडिकल वेस्ड के संबंध में निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग ई-वेस्ट की समस्या को गम्भीरता से लेकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका तथा नगर पंचायतें अपने- अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई तथा नाला-नाली की सफाई पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में सामन्जस्य बनाकर कार्य करें और साइट वेस्ट मैनेजमेंट को कैसे बेहतर बनाया जाये इस पर निरन्तर विचार एवं कार्यवाही की जाये। डीएफओ ने हरीतिमा अमृत वन मोबाइल एप वर्शन 3.1 के माध्यम से अन्य विभागों के द्वारा किए जा रहे

# दिल नाम की चीज होगी तो बाढ़ आंखों में भी आएगी...





मुरादाबाद- खेतों में भरे पानी से छानकर बहुतेरे किसान धान की फसल काटने को मजबूर गरीबी में जीना किसी का शगल नहीं होता। भूखे पेट भला कहां किसी को नींद आती है। लेकिन, कभी बेबसी और मजबूरी में ठिठुरते बदन रात काटनी पड़ती है। यहां नदी के तटवर्ती गांवों के हालात कुछ ऐसे ही हैं। उफनाई नदियों के पानी का दबाव यहां की खेती लील रहा है। महानगर से सटकर बहने वाली रामगंगा का पानी खेतों में चढ़ता जा रहा है, जबकि ढेला नदी का पानी और लागातार हो रही वर्षा से सदर तहसील क्षेत्र और देहात विधान सभा के गांवों की ओर बढ़ रहा है। आलम यह है कि गन्ना की फसल में पानी का प्रवाह तेज दिख रहा है। उधर, अप्रैल माह में बोई गई धान की फसल खेतों में जल प्लावन का शिकार हो रही है। बहुतेरे किसान पानी भरे खेत से छानकर धान की फसल काटने को मजबूर हैं। जबकि, हजारों एकड़ जमीन में बेहन (पौध-पनीर) रोपने को तैयार किसानों को कुछ सूझ ही नहीं रहा है। सच तो यह कि रामगंगा और ढेला नदी प्रभावित क्षेत्र के किसानों की दुविधा देखकर उस शायर की लाइनें याद आती हैं, जिसमें बेबसी और परेशानी बताने के लिए वह लिखता है- कि दिल नाम की चीज होगी तो बाढ़ आंखों में भी आएगी...।बारिश और उफान का रिकॉर्ड बनी रही नदियों वाले क्षेत्र में बाढ़ की दस्तक पता करने रविवार को टीम रामगंगा नदी के पार के सलेम सराय गांव पहुंची, यहां घरों से खेतों तक तरह-तरह की आवाजें हैं। खेती किसानी से जुड़ा हर चेहरा बदहवास सा है। सलेमसराय के बुजुर्ग किसान अख्तर अली खेत की मेड़ पर बैठे मिले। बोले, 35 बीघा धान की रोपाई कराई थी। सब का सब डूब गया। अब 12 बीघे खेत के लिए बेहन तैयार है। पड़ोस में पेड़ के सहारे खड़े मुनाजिर बोल पड़े। 10 बीघा मेरा भी तो बर्बाद हो गया।यूनुस, सुधीर लाला, अहमद अली ऐसे हालात के लिए मौसम को कम, जनप्रतिनिधियों को कोसने लगे। बोल पड़े, एक बंधे से रामगंगा का पानी हमें तबाह नहीं करता। जबकि, बैलगाड़ी पर अधपके धान का बोझ लेकर घर लौट रहे बाबू का कहना है कि नौ बीघा जमीन पर धान बोया था। पूरी फसल डूब गई है। वह कहते हैं कि अप्रैल महीने में इस तैयारी से खेती की थी कि दूसरी फसल भी काट लेंगे।

## ढेला नदी का जलस्तर घटने से किसानों ने ली राहत की सांस

भोजपुर,अमृत विचार- रविवार की देर शाम ढेला नदी का जलस्तर घटता दिखा। जबकि शनिवार को नदी का जलस्तर बढ़ता देख प्रशासन ने नदी के आसपास बसे करीब एक दर्जन गांव के लोगों को अलर्ट किया था। भोजपुर के किसान हामिद का कहना है, अब किसानों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। क्षेत्र में धान की रोपाई तेजी से चल रही है। पानी से खेत लबालब भरे हुए हैं। क्षेत्र में 60 प्रतिशत से ज्यादा धान की रोपाई हो चुकी है। जल्द ही बचे खेतों में धान की रोपाई पूरी हो जाएगी। किसान हाजी हनीफ का कहना है, बरसात से गन्ने की फसल को फायदा हुआ है। मगर ढेला नदी के आसपास गन्ने की फसल नदी के कटान के दौरान वह खराब हो चुके हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। देर शाम से नदी का जलस्तर घट रहा है। जिससे आसपास के करीब एक दर्जन गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है।

## बंधा बने तो दूर हो समस्या

मुरादाबाद, अमृत विचार- सलेमसराय के पूर्व प्रधान निरंकार सिंह कहते हैं कि बाढ़ तो हमारी तकदीर में लिख गई है। मुस्तफापुर क्षेत्र में दो से तीन किलोमीटर बंधा बन जाने से दर्जनभर गांवों की खेती सुरक्षित हो सकती है। लेकिन, हर चुनाव में नेता आते हैं। हमारी पीड़ा में खुद को शामिल करते हैं। जब बात काम की आती है तो चुप हो जाते हैं। वह कहते हैं कि धीरे-धीरे पानी बढ़ रहा है। हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। अब जनजीवन भी खतरे में पड़ेगा फिर भीड़ जुटेगी और हमारा तमाशा बनेगा।

# आपके फोन में ठग, सतर्क रहकर सुरक्षित रखें बैंक खाते की पूंजी

मुरादाबाद- डेढ़ वर्ष में साइबर क्राइम वाले थाने पहुंचे 10000 मामले, जालसाजी का शिकार होने के तुरंत बाद साइबर सेल में दर्ज कराएं शिकायत कंप्यूटर युग में अपराधी भी स्मार्ट होते जा रहे हैं। आपके पास मोबाइल है, घर में भी है। बूढ़े से लेकर बच्चे तक मोबाइल में व्यस्त हैं। लेकिन, हां आपके मोबाइल के इंटरनेट पर ठग सक्रिय हैं। बेहतर होगा आप कोई अपरिचित कॉल रिसीव करें, न ही मैसेज।''आपकी लाटरी निकली है'' आदि जैसे लालच देने वालों के चक्कर में न पड़े, चूंकि ये हाईप्रोफाइल ठग आपको गुमराह कर बैंक खाते में जमा रकम पल भर में उड़ा लेंगे। अपरिचित को खुद और बैंक खाते के बारे में कोई डिटेल न दें। जी हां, कुछ इसी तरह की भूल करने वाले हर दिन चार-पांच लोग अपनी ठगी की कहानी लेकर पुलिस लाइन में साइबर सेल में पहुंच रहे हैं। इनमें खासतौर से महिलाओं की संख्या अधिक देखी जा रही है। पिछले डेढ़ वर्ष में ऐसे ही करीब 10,000 लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं। इनके बैंक खातों से कुल 3.19 करोड़ रुपये ठगी के चक्कर में चले गए। हालांकि, इसमें काफी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराने में साइबर सेल की टीम ने सफलता भी पाई है।साइबर सेल टीम इंचार्ज ऋतिक पाठक बताते हैं कि ऑनलाइन ठगी करने वाला जब किसी के बैंक खाते से पैसा चुराता है तो वह जिस खाते में रुपये ट्रांसफर करता है, उस खाते से तत्काल नकद निकासी नहीं करता है। वह चोरी किए रुपयों को अन्य कई खातों में में अलग-अलग ट्रांसफर करता है। इसीलिए पीड़ित को चाहिए कि उसके खाते से जैसे ही रुपये चोरी हों वह जल्दी से जल्दी साइबर सेल में आकर सूचित करे तो उसके चोरी हुए रुपयों को वापस लेने में आसानी रहती है। साइबर क्राइम से बचने के लिए जरूरी है कि अपरिचित यदि आप से कॉल पर आपके व बैंक विवरण के बारे में जानकारी ले रहा है तो कतई न दें, न ही ओटीपी आदि बताएं। कोशिश रहे कि यदि आप ठगी का शिकार हो गए हैं तो जितनी जल्दी हो आप पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक यातायात के साइबर सेल में आकर सूचित करें। इससे आपके खाते से कटने वाले रुपयों को वापस या होल्ड कराने में आसानी रहती है। वैसे अभी तक जो केस आए हैं, अधिकांश में साइबर सेल धनराशि की रिकवरी या पैसा होल्ड कराने में सफल हुई है। -सुभाष चंद्र गंगवार, प्रभारी अधिकारी-साइबर सेल ऑनलाइन ठगी करने वालों के तरीके-1- बैंक खाते का विवरण एवं ओटीपी पूछकर। 2- यूपीआई लिंक के माध्यम से। 3- बैंक अधिकारी बनकर जानकारी लेना। 4- लोन स्वीकृत हो गया, दिलाने के नाम पर। 5- एनीडेस्क डाउनलोड कराकर भी ठगी। 6- वीडियो वायरल कर छवि धूमिल करने की धमकी से। 7- फेसबुक पर अश्लील मैसेज टच करने पर ठगी करना। 8- सोशल मीडिया पर फेक पोस्ट के जरिए। 9- अश्लील वीडियो बनाकर रुपये की मांग।10- क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी लेकर। 11-अपरिचित लड़कियों से ऑनलाइन वीडियो कॉल पर बात/चैटिंग सेछह महीने में एक लाख से अधिक की ठगी के छह मामले- चालू वित्तीय वर्ष के छह महीने में एक लाख रुपये से ऊपर की ऑनलाइन जालसाजी वाले कुल छह प्रकरण दर्ज हैं। इसमें सबसे अधिक 4,34,000 रुपये का मामला नागफनी के दीवान का बाजार निवासी सैय्यद आसिम रजा का रहा है। सक्रियता के कारण इनकी धनराशि को वापस कराने में साइबर सेल को भी काफी मदद मिली और पूरा पैसा खाते में रिकवर कराया गया। इसी तरह मझोला के मानसरोवर कॉलोनी के अरविंद कुमार से 2,16,014 रुपये की ठगी हुई। इनका भी रुपया रिकवर हो गया है। 1.81 करोड़ रुपये की नहीं हो सकी है रिकवरी ऑनलाइन ठगी के पीड़ित समय रहते पुलिस के साइबर सेल में पहुंच गए तो टीम के सदस्यों ने कुल 1,37,21,274 रुपये खाते में होल्ड व रिकवरी कराने में सफलता भी पाई है। लेकिन, डेढ़ वर्षों में ऑनलाइन ठगी के जो मामले आए और उससे संबधित कुल धनराशि में अभी भी पुलिस की साइबर सेल टीम 1,81,81,867 रुपये की रिकवरी नहीं करा सकी है। इनमें अधिकांश ऐसे मामले हैं जिनमें पीड़ित या तो समय से साइबर सेल को सूचित नहीं कर पाए या उनकी सूचना दिए जाने से पहले ही साइबर अपराधियों ने धनराशि आहरित कर ली। साइबर सेल ने पीड़ितों के 30,464 रुपये वापस कराए मुरादाबाद। साइबर सेल ने रविवार को आनलाइन ठगी के दो पीड़ितों के 30,464 रुपये वापस कराए हैं। कुंदरकी थाना क्षेत्र में जैतिया फिरोजपुर निवासी नाजिम पुत्र जाकिर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने ओटीपी शेयर करवाकर 8,864 रुपये ठग लिए थे। वहीं, मूंढापांडे आरएचएम कॉलेज आफ हायर एजुकेशन हरसैनपुर सिरसखेड़ा के प्रबंधक रुकशाद अली से किसी अज्ञात व्यक्ति ने विद्यालय में बन रही प्रैक्टिकल लैब में लगने वाली सिंक का सामान खरीदने के लिए संपर्क किया। साइबर जालसाज ने प्रबंधक रुकशाद अली को विश्वास में लेकर सिंक के सामान के लिए ऑनलाइन 21,600 रुपयों की साइबर ठगी कर ली। दोनों पीड़ितों ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज की थी। रविवार को साइबर सेल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पीड़ितों की पूरी रकम उनके खातों में वापस करवा दी।


## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# खन्ना में दु:ख निवारण शिविर और आयुर्वेदिक वैदिक आरोग्यधाम का श्री स्वामी आचार्य राजेश्वरानंद किया उद्घाटन



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच
लुधियाना --श्री स्वामी आचार्य राजेश्वरानंद के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक दु:ख निवारण शिविर का आयोजन गुरु नानक नगर, कंजा फैक्ट्री रोड, खन्ना में किया गया। इस अवसर पर श्री स्वामी आचार्य राजेश्वरानंद जी ने आयुर्वेदिक वैदिक आरोग्यधाम का भी शुभारंभकिया। यह आरोग्यधाम आधुनिक रोगों के निवारण के लिए एक प्रमुख केंद्र होगा। आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज विज्ञान और आध्यात्मिकता में आधुनिकता के समर्थक हैं और वे एक प्रख्यात दार्शनिक और लेखक हैं। वे आयुर्वेद, नाड़ी निदान और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रमुख विशेषज्ञ हैं। इसके साथ ही, उन्होंने लगभग 10 लाख लोगों को विज्ञान, आध्यात्मिकता, स्वास्थ्य और दर्शन के बारे में ज्ञान प्रदान किया है।

उद्घाटन समारोह में योगेश्वर धाम एवं परिसर में स्थित योगेश्वर गौशाला का भी उद्घाटन किया गया। यह गौशाला स्वामी जी के पवित्र सानिध्य में अशोक कुमार सिंगला, पंजाब गाय सेवा के अध्यक्ष, के प्रशासन में स्थापित की गई। इस अवसर पर स्थानीय एमएलए तरुणप्रीत सिंह सोंद भी उपस्थित थे। इस शिविर में लगभग 1000 लोगों ने हिस्सा लिया और स्वामी जी और गुरुओं के वचनों से ज्ञानार्जन किया।

यह अवसर उनके शारीरिक दुखों को नष्ट करने के लिए और अपने आप को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण रहा। डॉ ललित मोहन एवं डॉ सीमा सहित अरिहंत के सभी वैद्यों और डॉक्टरों ने वहा लोगो का चेकअप भी किया। इस समारोह में अनेक प्रमुख व्यक्तित्व मौजूद भी थे जिन्होंने स्वामी जी और गुरुजनो के वचनो का आनंद लिया। आयुर्वेदिक हीलिंग और प्राकृतिक चिकित्सा से खुद को ठीक करने के लिए, अब लोग आरोग्यधाम में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

यह आयोजन निर्माणशीलता और सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में सफल रहा और इसके आयोजन से लोगों को उनकी सांसारिक और शारीरिक समस्याओं का समाधान मिला।

# डीसी ने जिले के कई गांवों में लिया बाढ़ की स्थिति का जायजा



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच
लुधियाना - डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने सोमवार को जिले के कई गांवों में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। जिले के भोलेवाल, नूरपुर बेट, वलीपुर, खेहरा बेट, मांडा गांवों का दौरा करने के बाद सुरभि मलिक ने कहा कि सिसवां नदी में पानी के बहाव के कारण सतलुज नदी में जलस्तर बढ़ गया है, जिससे नदी के किनारे के निचले इलाकों को खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाखड़ा बांध से अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण निचले इलाकों से लोगों और मवेशियों को सुरक्षित निकालना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है और मौजूदा परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाली किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए वे पहले से ही पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीमों ने राजपुरा और खेहरा बेट के 40 निवासियों को सुरक्षित बचाया था और उन्हें एसएफआरआई भवन में एक अस्थायी आश्रय में स्थानांतरित कर दिया गया था, जहां भोजन, पानी, बिजली, बिस्तर, शौचालय और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। उन्होंने अधिकारियों को सभी उल्लंघनों को भरने और संवेदनशील बिंदुओं को मजबूत करने के निर्देश भी दिए, इस के लिए 10000 रेत बैग और इससे भी अधिक की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को पहले ही अपनी स्वास्थ्य टीमों को तैयार रखने के लिए कहा गया है और पावरकॉम को जरूरत पड़ने पर प्रस्तावित राहत केंद्रों में बिजली की आपूर्ति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। इसी प्रकार, मलिक ने कहा कि गोताखोरों को भी अलर्ट पर रखा गया है ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें शामिल किया जा सके और किसी भी समस्या के मामले में लोगों की मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि जिला प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ है।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में इन लोगों की मदद करना जिला प्रशासन का कर्तव्य है। मलिक ने कहा कि वह जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ स्थिति पर नियमित नजर रख रही हैं। मलिक ने इन गांवों के निवासियों से भी बातचीत की और संकट की इस घड़ी में उन्हें पूरे दिल से समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में एडीसी गौतम जैन, एसडीएम डॉ. हरजिंदर सिंह, डीआरओ गुरजिंदर सिंह, एमसी के संयुक्त आयुक्त जसदेव सिंह सेखों, डीडीपीओ नवदीप कौर शामिल थे।


# डीसी ने रंगाई-छपाई क्लस्टरों को बंद करने का आदेश दिया



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच
लुधियाना - सतलुज नदी में पानी बढ़ने के कारण बाढ़ जैसी स्थिति के बाद, लुधियाना की उपायुक्त सुरभि मलिक ने सोमवार को शहर में रंगाई और छपाई समूहों को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया। यह उल्लेख करना आवश्यक है कि एमसी लुधियाना के अतिरिक्त आयुक्त ने डीसी से एहतियात के तौर पर ये आदेश जारी करने का अनुरोध किया था क्योंकि अत्यधिक पानी के कारण, भटियां एसटीपी उल्टा बहने लगा है और ठीक से काम नहीं कर रहा, जिसके कारण कुछ आवासीय क्षेत्रों में जलभराव हो सकता है। अस्थायी रूप से बंद होने का सामना करने वाले समूहों में बहादुर के रोड, ताजपुर रोड, औद्योगिक क्षेत्र ए, मोती नगर, समराला चौक से जालंधर बाईपास और फोकल प्वाइंट शामिल हैं। यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 34 के तहत जारी किए गए है। डीसी ने नगर निगम आयुक्त और पीपीसीबी के अधीक्षक अभियंता को आदेशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान ने अपने जिला पदाधिकारियों के साथ किया सतलुज नदी व बुड्ढा दरिया का निरीक्षण






सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच
लुधियाना - भारी बारिश के कारण सतलुज उफान पर है।सतलुज का पानी साथ लगते गावों में बड़ी तेज़ी से घुस रहा है परंतु प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।उक्त शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान ने सतलुज दरिया के पानी का निरीक्षण करते हुए भगवंत मान सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहे।उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से लोगो की सुविधा हेतु सतलुज दरिया के आस पास कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए व न बाढ़ आने पर लोगो की मदद हेतु कोई इंतजाम किए गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बुड्ढे दरिया का भी निरीक्ष किया और कहा की बुड्ढे दरिया की सफाई की ओर कोई ध्यान नही दिया जब बुड्ढा दरिया ओवर फ्लो होकर लोगो के घरों में घुसा तो इनको बुड्ढा दरिया की सफाई की याद आई।आपने आप को आम जनता की सरकार कहने वाली भगवंत मान सरकार ही आज लोगो की जान की दुश्मन बन बैठी है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री कांतेंदु शर्मा, नरेंदर सिंह मल्ली,भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा,यशपाल जनौत्रा,सुमन वर्मा, नवल जैन,प्रेस सचिव डा.सतीश कुमार, आदि मौजूद थे।

# राज्य स्तर की कराटे प्रतियोगीता मे प्रमाण पत्र और मेडल्स प्राप्त किया




श्याम जी कश्यप
क्यूँ न लिखूँ सच
पुष्कर कराटे अकादेमी अफिलिएटेड नेशनल शोतोकान कराटे एसोसिएशन आफ इंडिया की टीम ने साहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर मे जो 8 और 9 जुलाई को हुई उसमे भा ग लेकर 9 गोल्ड 8 सिल्बेर और 8 बरौन्ज़ निका ल कर अपने जिले का नाम रोशन किया इस चैंपियनशिप का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोट्र्स छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर द्वारा किया गया था । मैडल प्रप्त करने वाले बच्चो मे हैं उमंग तिवारी सिल्बर ,रीढधी चतुवेदी सिल्बर ,पाखी सक्षेना गोल्ड ,चेतन सिंह बरौनज़े ,दीक्षा गौर बरौनज़े ,अश्विक श्रीवास्तव बरौनज़े,अवंतिका श्रीवास्तव सिलबर , सौर्या प्रताप सिलबर ,आदित्य कुमार गोल्ड ,आयुष राजपूत गोल्ड ,बैस्बी चतुवेदी गोल्ड ,अर्पित भारदाज गोल्ड,सक्षम सिलबर और बरौनज़े ,आरव रस्तोगी गोल्ड और सिलबर ,यस्स्वी दिक्षित दोनो गोल्ड ,ड्ढद्गस्त्रड्डठ्ठ्ठ एक गोल्ड एक बेऔन्ज़े ,अमन वर्मा एक सिलबर एक बेऔन्ज़े ,बित्तल वर्मा एक सिलबर और बौन्ज़े ,पुष्कर भारद्वाज एक सिलबर एक बेऔन्ज़े निकाले ।इनकी इस उप्लब्ध्धी पर इनके कोच सेनसेई पारस भारद्वाज और कोच सेनसेई आरती भारद्वाज कहा की यह सब इन लोगो की कडी मेहनत के कारण हो सका है मैं इनको सुभकामनाएँ देता हुँ ताकी यह लोग ऐसे जी आपनी अकादमी और अपने जिले का नाम रोशन करे इनकी इस उपलब्धीधी पर अधक्ष संजीव करियर ने कहा की येह ब्वेचे बहुत मेहनत करते अभी नेशनल प्रतियोगीता मे भी अपने जिले का नाम रोशन कर चुके है मेरा आशीर्वाद है और बहुत बहुत शुभकामनायें हैं इनके कोच और पूरी टीम को। इनके संरक्षक सचिन यादव ,सर्बेंदेर सिंह ,ला ल जी सक्षेना ,सोनू ठाकुर पूरी टीम को सुभकामनाये दि । इनके कोच सेनसेई पारस भारद्वाज ने बताया की इस पूरी टीम मे पुष्कर भरद्वाज और बिठल वर्मा जिन्होने ओपेन प्रतियोगीता भा ग लेकर दूसरे स्थान पर रहे ।

# बिजली विभाग की लापरवाही से एक की मौत

श्याम जी कश्यप
क्यूँ न लिखूँ सच
